आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 06.01.2026 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार,

- प्रदेश मंत्री मंडल ने आज 'पीएम जनमन योजना' के तहत 22 जिलों में विकास कार्यों की मंजूरी दी।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'नमामि नर्मदे परियोजना' शुरू करने के दिए निर्देश, नर्मदा तट के शहरों में अपशिष्ट प्रबंधन पर रहेगा जोर।
- भारत पहली बार करेगा 'ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट' की मेजबानी, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की घोषणा।
- भारत की अनाहत सिंह ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वॉश के फाइनल में पहुंचीं, खिताब के लिए फ्रांस की खिलाड़ी से होगा मुकाबला।

कैबिनेट बैठक

प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक और विकासात्मक कार्यों को गति देने के लिए आज हुई कैबिनेट बैठक में अहम फैसले लिए। आज सभी मंत्रियों को टैबलेट वितरित किए गए हैं। आगामी दो कैबिनेट बैठकों के बाद मंत्रि-परिषद की समस्त कार्यवाही टैबलेट के माध्यम से ही संपादित की जाएगी। इससे कागज रहित, तेज और पारदर्शी निर्णय प्रक्रिया सुनिश्चित होगी। निर्णयों की जानकारी देते हुए मंत्री चैतन्य कश्यप ने बताया कि पीएम जनमन योजना के अंतर्गत प्रदेश के 22 जिलों में निवासरत बैगा, भारिया और सहरिया बहुल क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा।

संचालक मंडल बैठक- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में सभी नगरीय विकास परियोजनाओं को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप क्रियान्वित किया जाए। वे आज मंत्रालय में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के संचालक मंडल की 11वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने, निजी निवेश को बढ़ावा देने, सूचना प्रौद्योगिकी आधारित नागरिक सेवाओं, अर्बन मोबिलिटी और ई-वाहनों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने 'नमामि गंगे' की तर्ज पर 'नमामि नर्मदे परियोजना' प्रारंभ कर नर्मदा तटवर्ती शहरों में ठोस-तरल अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और उपचारित जल के पुन:

उपयोग की कार्ययोजना बनाने को कहा।साथ ही मुख्यमंत्री ने जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्था में विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए।

एआई- अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने घोषणा की है कि ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन अगले माह भारत में किया जाएगा। राजस्थान रीजनल एआई इम्पैक्ट समिट–2026 को आज वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि यह समिट पहले ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया और फ्रांस में आयोजित हो चुका है, जबकि इस बार पहली बार भारत इसकी मेजबानी करेगा।उन्होंने कहा कि ग्लोबल एआई समिट की तैयारियों के तहत देश के सभी राज्यों में क्षेत्रीय एआई समिट आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र में लगभग 70 अरब डॉलर का निवेश हो रहा है

प्रगति@50- जम्मू कश्मीर

जम्मू और कश्मीर में मुख्य सचिव अटल दुल्लू ने आज सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन- प्रगति मंच के परिवर्तनकारी प्रभाव के बारे में बताया। इसने प्रमुख विकास परियोजनाओं को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि यह मंच लंबे समय से लंबित मुद्दों को हल करने और बड़ी परियोजनाओं को समय पर क्रियान्वित करने महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्य सचिव ने प्रगति@50 के महत्व को रेखांकित किया। विशेष श्रृंखला में आज प्रगति के माध्यम से जम्मू-कश्मीर में हुए विकास कार्यों पर पेश है एक विशेष

अटल वयो अभ्युदय योजना

वृद्धजनों की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान (निमहर), सीहोर में 75 दिवसीय केयर गिवर्स प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण 5 जनवरी से 26 मार्च 2026 तक अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित किया जा रहा। प्रशिक्षण में 53 युवा भाग ले रहे हैं,

भारत-ऊर्जा सप्ताह

भारत ऊर्जा सप्ताह का आयोजन 27 जनवरी से गोवा में किया जाएगा। चार दिन के इस कार्यक्रम में सरकारी अधिकारी, उद्योग जगत के प्रमुख और नवप्रवर्तक एक सुरक्षित, टिकाऊ और किफायती ऊर्जा भविष्य को बढ़ावा देने के लिए एक मंच पर जुटेंगे। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि यह कार्यक्रम ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने, निवेश को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए व्यावहारिक और व्यापक उपाय विकसित करने पर केंद्रित

होगा। कार्यक्रम में अमरीका, यूरोप, मध्य पूर्व, अफ्रीका और एशिया-प्रशांत क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडलों के भाग लेने की उम्मीद है।

नीति आयोग

नीति आयोग ने आज नई दिल्ली में वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के लिए ट्रेड वॉच क्वार्टरली का पाँचवाँ संस्करण जारी किया। इस नवीन संस्करण में भारत के व्यापार प्रोफ़ाइल में उभरते संरचनात्मक बदलावों को रेखांकित किया गया है। इनमें प्रौद्योगिकी-आधारित निर्यात की बढ़ती हिस्सेदारी, सेवाओं के नेतृत्व वाली वृद्धि की निरंतर मजबूती और आयात संरचना में ऐसे परिवर्तन शामिल हैं, जो वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में भारत के गहरे एकीकरण को दर्शाते हैं।

सीबीएसई परीक्षा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड – सीबीएसई ने परीक्षा संबंधी तनाव से निपटने के लिए विद्यार्थियों के लिए मनोवैज्ञानिक परामर्श सहायता शुरू की है। सी बी एस ई की परीक्षाएं इस वर्ष 17 फरवरी से शुरू हो रही हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि यह सेवा तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने के बारे में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करती है। एक रिपोर्ट –

स्क्वॉश फाइनल

भारत की अनाहत सिंह ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वॉश चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गई हैं। बर्मिंघम में महिलाओं की अंडर-19 वर्ग के सेमीफाइनल में आज उन्होंने मिस्र की मलिका अल-कार्कसी को लगातार गेम में पराजित किया। 17 साल की अनाहत ने 11-8, 11-7, 11-9 से जीत दर्ज की। फाइनल में उनका सामना यूरोपियन जूनियर चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस की लॉरेन बाल्टायन से होगा।

संक्षिप्त समाचार

- प्रदेश में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का असर लगातार बना हुआ है। प्रदेश के कई जिलों में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिनों तक घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है।
- झाबुआ के शासकीय आदर्श महाविद्यालय में कल युवा-संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा।
- सागर में 09 एवं 10 जनवरी को जिले के हायर सेकेंडरी स्कूलों एवं कॉलेजों में पात्र युवाओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिये विशेष कैंप आयोजित किये जाएंगे।

- खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन आगरमालवा जिले के चारों विकासखंड़ो में 11 से 15 जनवरी तक किया जाएगा।
- 12 जनवरी को राजगढ के सारंगपुर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। और
- बैतूल एवं नगर पालिका परिषद मुलताई के सहयोग से 14 से 16 जनवरी तक हाई स्कूल मैदान मुलताई में ''ताप्ती महोत्सव'' का आयोजन किया जाएगा।

----------------------------------------